सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 314 | इंदौर, सोमवार 27 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं ने की नारेबाजी-हंगामा

### पुजारी 300-300 रुपए लेकर करा रहे थे दर्शन; भक्त भड़के, बोले-वीआईपी दर्शन बंद करो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ओंकारेश्वर। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में रविवार सुबह दर्शन की कतार में लगे श्रद्धालुओं का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने वीआईपी दर्शन के खिलाफ नारेबाजी कर दी। करीब एक घंटे तक हंगामे का माहौल रहा। मंदिर प्रशासन के जल्द दर्शन के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।**

छुट्टी वाला दिन होने की वजह से यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। लंबी कतारें लगी थीं। 2-3 घंटे में दर्शन हो पा रहे थे। दूसरी तरफ, मंदिर के पंडे-पुजारी 300 रुपए प्रति व्यक्ति लेकर वीआईपी दर्शन करवा रहे थे। प्रशासन ने वीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बावजूद अवैध वसूली जारी है।

### पैसे लेकर अलग रास्ते से करवा रहे थे दर्शन

सुबह 10 बजे मंदिर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई। लोगों ने ह्यवीआईपी दर्शन बंद करो, बंद करो के नारे लगाए। कतार में लगे खंडवा के मूंदी निवासी तरुण गुप्ता का कहना है कि मंदिर के पुजारी श्रद्धालुओं से पैसे लेकर अलग रास्ते से ले जाकर दर्शन करवा रहे थे। वे चिल्ला रहे थे, ह्य300 रुपए में दर्शन कर लो। तरुण ने इसका वीडियो भी बनाया।

### 5 सदस्यीय परिवार से दर्शन के 1500 रुपए लिए

तरुण के मुताबिक, पांच सदस्यीय एक परिवार ने कहा कि 1 हजार रुपए लेकर उन्हें दर्शन करवा दो लेकिन पुजारियों ने 1 रुपए भी कम नहीं किया। वे प्रति श्रद्धालु 300 रुपए में दर्शन करा रहे थे। उस परिवार से 1500 रुपए लिए और दर्शन करवाए।

### दोपहर 12 बजे तक चालू थे वीआईपी काउंटर

ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के सीईओ व पुनासा एसडीएम शिवम प्रजापत ने कहा, ह्यमंदिर में वीआईपी दर्शन की व्यवस्था है। हालांकि, रविवार को यह प्रतिबंधित रहती है लेकिन आज दोपहर 12 बजे तक वीआईपी काउंटर चालू था। जो लोग लाइन में खड़े रहते हैं, उन्हें लगता है कि नारेबाजी कर समस्या का हल हो जाएगा इसलिए वे ऐसा करते हैं। रही बात दलाली की तो प्रशासन ने पूर्व में एक दलाल को जेल भिजवाया था। लोग शिकायत करें तो हम एक्शन जरूर लेंगे। कलेक्टर अनूप सिंह का कहना है कि वे मामले की जांच करवाकर कार्रवाई करेंगे।

## बाबा महाकाल को 4 किलो 178 ग्राम का रजत मुकुट, नाग, कुंडल अर्पित

### दिल्ली के श्रद्धालु ने 3.50 लाख से अधिक के आभूषण भेंट किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में नई दिल्ली के एक श्रद्धालु ने बाबा महाकाल को चांदी का मुकुट,चंद्रमा,नाग कुंडल अर्पित किए हैं। चांदी के आभूषण की कीमत 3.50 लाख रुपए अधिक बताई गई है। मंदिर समिति ने दानदाता का दुपट्टा और प्रसाद भेंट कर सम्मान किया गया।

श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति के कोठार शाखा के प्रभारी मनीष पांचाल ने बताया कि रविवार नई दिल्ली निवासी हरीश शर्मा ने पुरोहित नवनीत शर्मा व रूपम व्यास की प्रेरणा से 1 नग चांदी का मुकुट मय नाग,चंद्रमा,दो नग नाग कुंडल बाबा महाकाल को श्रद्धा स्वरूप अर्पित किए। श्री शर्मा ने सपरिवार बाबा महाकाल के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। चांदी के आभूषण का वजल 4 किलो 178 ग्राम है,जिसका बाजार मूल्य 3.50 रुपए से अधिक है। मंदिर समिति द्वारा दानदाता श्री शर्मा का प्रसाद व दुपट्टा ओढ़ा कर सम्मान किया गया।

## रतलाम, धार-राजगढ़ में लू का रेड अलर्ट

## एमपी के 6 जिलों में टेम्प्रेचर 46 के पार

# भोपाल-इंदौर समेत 46 जिलों में आज भीषण गर्मी

नौतपा में मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह से ही सूरज के तीखे तेवर हैं। इससे पहले रविवार को पूरा प्रदेश जमकर तपा। राजगढ़, शाजापुर, निवाड़ी, सागर, गुना, खजुराहो और सीहोर जिले सबसे गर्म रहे, जहां पारा 46 डिग्री के पार रहा। भोपाल-सागर में तो 10 साल में दूसरी बार टेम्प्रेचर सबसे अधिक रहा। सोमवार को भी भीषण गर्मी रहेगी। रतलाम, धार-राजगढ़ में लू का रेड अलर्ट है। वहीं, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत 46 जिलों में तेज गर्मी पड़ने की संभावना है।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। रविवार को राजगढ़ पूरे प्रदेश में सबसे गर्म रहा। जहां टेम्प्रेचर 46.8 डिग्री पहुंच गया। राजगढ़ से जुड़े शाजापुर जिले में भी तेज गर्मी रही। शाजापुर में 46.6 डिग्री, पृथ्वीपुर निवाड़ी में 46.5 डिग्री, सागर-गुना में 46.2 डिग्री, खजुराहो-सीहोर में 46 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो इंदौर में 43.3 डिग्री, ग्वालियर में 45.6 डिग्री, जबलपुर में 43.4 डिग्री और उज्जैन में पारा 43.7 डिग्री दर्ज किया गया। खरगोन, शिवपुरी, नौगांव, खंडवा, दमोह और टीकमगढ़ में पारा 45 डिग्री के पार ही रहा।**

### नर्मदापुरम जिला सबसे ठंडा

प्रदेश में सबसे ठंडा नर्मदापुरम जिला रहा। नर्मदापुरम शहर में 39.7 डिग्री और पचमढ़ी में पारा 38.8 डिग्री दर्ज किया गया। बाकी शहरों में टेम्प्रेचर 40 डिग्री के पार ही रहा।

### भोपाल-सागर में 10 साल में दूसरा सबसे गर्म दिन

भोपाल में 10 साल में दूसरी बार सबसे ज्यादा टेम्प्रेचर रहा। यहां रविवार को पारा 45.4 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले 2016 में पारा में 46.7 डिग्री पहुंचा था।

सागर में साल 2014 से अब तक 10 साल में दूसरी बार पारा 46.2 डिग्री या इससे ज्यादा पहुंचा है। इससे पहले 2016 में पारा 46.4 डिग्री तक गया था।



इसके बाद 42.2 से 46.1 डिग्री तक टेम्प्रेचर जरूर आया। रविवार को यह 46.2 डिग्री तक पहुंच गया।

### नौतपा में भीषण गर्मी का ट्रेंड

बता दें कि सूर्य के कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने के साथ ही शनिवार से नौतपा शुरू हो गया। पिछले 10 में से 5 साल नौतपा में भीषण गर्मी पड़ने का ट्रेंड है। पहले दिन नौतपा का असर कम रहा, लेकिन रविवार को पूरे प्रदेश में चिलचिलाती धूप और गर्म हवाएं चलती रही। इस कारण कई शहरों में पारा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भोपाल में तो दोपहर 2.30 बजे ही पारा रिकॉर्ड 44.8 डिग्री पर पहुंच गया था। शाम को बादल भी छाए। दूसरी ओर, मंदसौर और देवास में बारिश भी हुई। बुरहानपुर में तेज आंधी से केले की फसल बर्बाद हो गई।

### प्रदेश के पश्चिमी-उत्तरी हिस्से ज्यादा गर्म

IMD, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में भीषण गर्मी है। वहीं, उत्तरी हिस्सा भी काफी गर्म है। सोमवार को भी यहां गर्मी का असर देखने को मिलेगा। वहीं, आने वाले एक सप्ताह तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

# पोहा-जलेबी पर गर्मी की मार! स्वाद लेना पड़ेगा अब महंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खान-पान के शौकिनों के शहर और स्वाद की राजधानी कहलाने वाले इंदौर के अधिकांश लोगों की सुबह शुरूआत पोहे-जलेबी के नाश्ते साथ होती है. इसी पोहे-जलेबी और नमकीन से इस शहर की पहचान भी है, लेकिन इन दिनों इसी पोहे की कमी हो रही है. दरअसल, बताया जाता है कि तेज गर्मी और लू के चलते पोहे का उत्पादन घट गया है. इसी कारण पोहे के भावों में तेजी आ गई है. इंदौर में सुबह के समय कहीं पर भी निकल जाओ तो पोहे और गर्मागर्म जलेबी के नाश्ते की अनेक होटल, रेस्टोरेंट व ठेले दिख जाएंगे. एक ही दिन में कई क्विंटल पोहे इंदौरी खा जाते हैं. कोई पोहे के साथ जलेबी खाना पसंद करता है, तो कोई उसल में पोहे खाता है. पोहे जलेबी से ही इंदौर की पहचान है. वहीं यह भी कहा जाता है कि इंदौर जैसे पोहे जलेबी और उसल पोहा और कहीं नहीं मिलते हैं. इन दिनों पोहे की



कमी के कारण पोहे भावों में भी तेजी आई है. थोक बाजार में पोहे के भाव प्रति क्विंटल 400 रुपए बढ़ गए हैं. व्यापारियों का कहना है कि मिलों में पोहे का उत्पादन घट गया है, जिसके चलते बाजार में उतना पोहा नहीं आ रहा है, जितना चाहिए. इसके पीछे कारण तेज गर्मी और लू को बताया गया है. भीषण गर्मी और लू के चलते जहां श्रमिक मिलों में कम पहुंच रहे हैं. वहीं गर्मी के कारण मशीनें भी काम नहीं कर पा रही है. इंदौर में नाश्ते की हजारों की संख्या में होटल, रेस्टोरेंट व दुकानें और ठेले हैं, जहां हर दिन बड़ी संख्या में पोहे बनते हैं और लोग स्वाद लेकर इसे खाते हैं.

पोहे के बढ़ते हुए भावों पर होटल संचालकों का कहना है कि व्यापार पर इसका असर पड़ेगा. मजबूरी में हमें भी भाव बढ़ाना पड़ेंगे. अभी जो पोहे 10 से 15 रुपए प्रति प्लेट ग्राहकों को दिए जा रहे हैं, वह आगे चलकर 20 से 25 रुपए प्लेट हो सकते हैं.

कांग्रेस खोलेगी निगम के घोटाले के राज

# जनधन का हिसाब दो, घोटालों का जवाब दो कैंपेन मंगलवार से होगा शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कांग्रेस पार्षद दल ने अब नगर निगम में हो रहे घोटालों को लेकर हर दिन नई-नई जानकारी मीडिया के सामने लाने की तैयारी की है। इसको लेकर आंकड़े भी जुटाए गए हैं।**

कांग्रेस पार्षद दल का कहना है कि हर दिन शाम 5 बजे नगर निगम में ही घोटालों से जुड़ी जानकारी दी जाएगी और जनधन के दुरूपयोग को रोकने के लिए जनता से भी समर्थन मांगा जाएगा, जिसको लेकर कई कार्यक्रम किए जाएंगे।

रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि जनधन का हिसाब दो, घोटालों का जवाब दो नामक कैंपेन मंगलवार से चलाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन




आम लोगों को साथ लेकर हस्ताक्षर अभियान, वाहनों पर स्टीकर लगाना और अधिकारियों को सद्बुद्धि देने के लिए भजन-कीर्तन भी किए जाएंगे।

इसके अलावा नगर निगम में प्रतिदिन शाम 5 बजे घोटालों से संबंधित नए-नए राज खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुंदन नगर में सड़क बनाए बिना दो फाइलें पास करवा ली गईं। ऐसे और भी कई मामले हैं, जिनमें करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है। इन सबकी जानकारी हमारे माध्यम से दी जाएगी।

इसके बाद जून माह में एक बड़ा जंगी प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में नगर निगम में किए जाने की तैयारी भी की गई है।

इस अवसर पर अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन, अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, डीआर लोधी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय, डॉ.उत्तम यादव, पिंक सिटी रहवासी संगठन के विजेन्द्र उपाध्याय, प्रतिभा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित थे।

# 7 टंकियों से पानी सप्लाय प्रभावित

## 108 में से 99 टंकियों को आधा भरकर सप्लाय कर रहे पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रविवार को तेज हवा, आंधी के कारण नर्मदा के पहले, दूसरे और तीसरे चरण के सभी पंप शाम को बंद हो गए। दरअसल शाम 5 बजे तेज हवा और आंधी से 33केवी फीडर लाइन छोटी खरगोन से जलूद के मध्य लाइन पर पेड़ की बड़ी-बड़ी शाखाएं गिर गई। इस कारण तीन स्थानों पर कंडक्टर में फॉल्ट होने से पम्प बंद हो गए थे। तीनों चरणों के पम्प सुधार काम पूरा होने के रात करीब 10 बजे शुरू हुए और पानी सप्लाय रात 12 बजे शुरू हुआ। निगम जल कार्य समिति प्रभारी अभिषेक बबलू शर्मा ने बताया कि इंदौर 5 घंटे में पानी पहुंचने के कारण शहर की 108 टंकियों में से 99 टंकियां आधी भरकर जल प्रदाय किया जा रहा है। दोपहर 3 बजे तक ये सारी टंकियां पूरी तरह से भर दी जाएंगी। दूसरी ओर स्कीम 78 (स्लाइस 1-12), स्कीम 113, 114, 136 राजीव आवास, लोहामंडी, एमआईजी सहित 9 टंकियां में पानी सप्लाय नहीं हो सका। इस पर इन क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाय किया जा रहा है। संगम नगर, बीएसएफ, पल्हर नगर, किला मैदान, गांधी नगर आदि क्षेत्रों की टंकियों में पानी पूर्ववत यशवंत सागर से यथावत है।

## बिजली ट्रिपिंग से लोग परेशान

इंदौर। 7 लाख 50 हजार उपभोक्ताओं को बिजली कंपनी ने पांच डिविजन में बांट रखा है। इनमें मध्य डिविजन यानी अन्नपूर्णा, राजेंद्र नगर, गुमाश्ता नगर, राज मोहल्ला, लाबरिया भेरू, फूटी कोठी जोन में बिजली सप्लाय सिस्टम का दम फूल रहा है। स्थिति यह है कि यहां पर सप्लाय करने वाले ट्रांसफॉर्मर, बिजली लाइन, केबल क्षमता से 150 गुना ज्यादा लोड सहन कर रही हैं। मध्य डिविजन के 2 लाख 60 हजार उपभोक्ताओं के लिए खंडवा रोड और नावदा पंथ सब स्टेशन से सप्लाय की जा रही है। क्रमश: 10 और 12 किमी दूर से सप्लाय लाकर इस डिविजन के फीडर में सप्लाय की जा रही है।

### मध्य डिविजन में 12 किमी दूर से सप्लाय, आए दिन फॉल्ट

मध्य डिविजन में लाइन ओवर लोड होने का खामियाजा उपभोक्ताओं को फॉल्ट, घंटों बिजली बंद रहने के रूप में भुगतना पड़ रहा है। मध्य डिविजन में सब स्टेशन के लिए स्कीम 97 में प्लॉट भी आरक्षित है। बिजली कंपनी ने इसके लिए पत्राचार भी किया था, लेकिन मामलों सिर्फ कागजों में ही रह गया। अधीक्षण यंत्री मनोज शर्मा का कहना है बारिश के बाद सब स्टेशन के लिए फिर से कवायद की जाएगी।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# इंदौर में दूसरे दिन रोहिणी गल गई, दोपहर में तेज गर्मी, शाम को बारिश हो गई, फ्लाइट डायर्वट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में रोहिणी दूसर दिन ही गल गई। रविवार को शहर के कई इलाकों में बारिश ने थोड़ी देर के लिए राहत दी, लेकिन देर शाम तक लोग उमस से परेशान होते रहे।**

रविवार सुबह से ही सूर्य देवता आग बरसाने लगे थे। सुबह 9 बजे पारा 32 डिग्री पहुंच गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया। तेज धूप और गर्म हवाए शहर को गिरफ्त में लेने लगी। मौसम विभाग ने दिन का तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा था, लेकिन शाम चार बजे बाद धूप अचानक गायब हो गए और काले बादलों ने डेरा जमा लिया। फिर तेज हवा का दौर चला और फिर बारिश की बूंदे बरसने लगी। मौसम में आए बदलाव के कारण हैदराबाद से इंदौर आए विमान को भोपाल डायवर्ट किया गया। शनिवार से सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ नवतपे की शुरूआत हो चुकी है। मौसम विभाग ने 9 दिन तेज गर्मी के साथ बूंदा-बांदी की भविष्यवाणी की है। आने वाले दिनों में गर्म हवा और लू भी लोगों को परेशान करेगी।

## तेज हवा के कारण टूटी ग्रीन नेट

नगर निगम ने गर्मी से वाहन चालकों को राहत देने के लिए शहर के कई मार्गो पर ग्रीन नेट लगवाई, लेकिन वे तेज हवाएं नहीं झेल पाई।एमआर-9 चौराहे पर लगी ग्रीन नेट गिर गई। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी होने लगी और चौराहे पर ट्रैफिक जाम हो गया। बाद में निगम के अमले ने नेट को हटवाया।

# इंदौर बायपास पर अब ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात, तीन ब्रिज सालभर में होंगे तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 20 साल पहले देवास से राऊ तक बना बायपास अब ट्रैफिक की राह आसान करेगा। बायपास के आसपास टाउनशिप, मॉल और मैरेज गार्डन बनने के बाद यहां कई बार ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति बन रही है, लेकिन अब अब बायपास पर तीन ब्रिज बन रहे है, जो ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाएंगे।**

ब्रिज के नीचे से शहरी ट्रैफिक गुजर जाएगा,जबकि महाराष्ट्र व भोपाल की तरफ जाने वाला ट्रैफिक ब्रिजों से गुजर सकेगा। तीनों ब्रिजों का निर्माण शुरू हो चुका है और सालभर में बनकर तैयार हो जाएंगे। राऊ ब्रिज का 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इन ब्रिजों के निर्माण पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण 200 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। यह ब्रिज इंदौर के 12 किलोमीटर हिस्से में बन रहे है,क्योकि इस हिस्से में ही बायपास पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक का दबाव रहता है।



**दस साल में शहरी हिस्से में पांच सौ करोड़ खर्च-** दस साल में बायपास के शहरी हिस्से पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण पांच सौ करोड़ रुपये कर चुका है। पहले 325 करोड़ रुपये में चार लेन बायपास को छह लेन किया गया। इसके बदले ठेकेदार कंपनी को बायपास पर 25 सालों के लिए टोल वसूलने का अनुबंध भी प्राधिकरण ने किया था, हालांकि ठेकेदार कंपनी से प्राधिकरण ने टोल का संचालन वापस ले लिया।कंपनी ने इंदौर में सिर्फ भंवरकुआ चौराहे पर ब्रिज बनाया था, जबकि चार स्थानों पर अंडरपास बनाए गए थे, लेकिन अंडरपास में रोज शाम के समय यातायात बाधित होता है।

### राऊब्रिज सबसे पहले बनेगा

अफसरों ने बताया कि अब बायपास के राऊ, रालामंडल और एमआर-10 जंक्शन पर ब्रिज का निर्माण हो रहा है। सबसे पहले राऊ बायपास बनकर तैयार होगा। एमआर-10 जंक्शन पर थ्री लेयर ब्रिज तैयार हो रहा है। इसके निर्माण में थोड़ा ज्यादा समय लग सकता है।

रालामंडल गांव के पास ब्रिज नहीं होने पर लोग डिवाइडर तोड़कर बायपास पार करते थे। इस कारण हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहता है। 12 किलोमीटर हिस्से में बायपास की सर्विस रोड बनाने के लिए प्राधिकरण ने नगर निगम को 80 करोड़ रुपये दिए है, हालांकि नगर निगम ने कई हिस्सों में अभी सर्विस रोड नहीं बनाई है।

## आज से राजवाड़ा पर ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा के एंट्री पूरी तरह बंद रहेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राजवाड़ा क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए प्रशासन ने ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा की एंट्री बैन की है। राजवाड़ा पर ट्रैफिक जाम के लिए जिम्मेदार ऑटो रिक्शा जब वहां पर पहुंचे तो ट्रैफिक जवानों ने चालकों को समझाया कि सोमवार से राजवाड़ा पर ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा के एंट्री पूरी तरह बंद रहेगी। सुबह 10 से लेकर शाम 5:00 तक ऑटो नजर आए तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चालकों ने पुलिस अफसरों से कहा कि राजवाड़ा क्षेत्र के दुकानों से उन्हें ट्रांसपोर्ट का काम भी मिलता है। प्रशासन की फैसले से उन्हें नुकसान होगा। चालकों ने कहा कि सबसे ज्यादा ट्रैफिक जाम सिटी बसों के कारण होता है। सुबह और शाम के समय ज्यादा यातायात बाधित होता है। आपको बता दें कि यातायात समिति की बैठक में यह तय हुआ कि राजवाड़ा पर रिक्शा की एंट्री प्रयोग के तौर पर सात दिनों के लिए बंद की जाएगी। दो माह पहले जवाहर मार्ग और एमजी रोड पर एकांगी मार्ग व्यवस्था लागू की थी, इसकी अधिसूचना भी प्रशासन ने जारी कर दी, लेकिन यह व्यवस्था ज्यादा दिन तक नहीं चल पाई। जवाहर मार्ग पर दोनों तरफ से वाहन आते-जाते नजर आते हैं। व्यापारियों ने भी इस व्यवस्था का विरोध किया था। इसे देखते हुए प्रशासन ने भी यू टर्न ले लिया।

## नगर निगम कमिश्नर ने की रहवासियों से चर्चा

## पूछा-किस-किस ने अपने घर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए नगर निगम कमिश्नर ने लोगों को प्रेरित किया। साथ ही डॉग बाईट की रोकथाम को लेकर भी लोगों से चर्चा की।**

नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित करने के साथ ही शहर में डॉग बाईट की रोकथाम के लिए विशेष अभियान के तहत पिंक सिटी कालोनी में रहवासी संगठन के साथ चर्चा की गई।

कमिश्नर वर्मा ने कहा कि जल संरक्षण अभियान के तहत शहर के भूजल स्तर को




बढ़ाने के लिए निगम द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने रहवासियों से पूछा गया कि किस-किस ने अपने घरों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगाया है, जिस पर कई नागरिकों ने बताया कि उन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया है। साथ ही अन्य रहवासियों को भी सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया गया। निगम के विशेषज्ञों द्वारा जल संरक्षण अभियान के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम किस प्रकार से लगाना है। उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कमिश्नर ने प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन और प्लास्टिक का उपयोग न करने के साथ ही कपड़े के थैले का उपयोग करने के संबंध में भी नागरिकों से अपील की गई और शपथ दिलाई गई। कमिश्नर वर्मा ने शहर को रेबीज फ्री सिटी बनाने के लिए निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के संबंध में जानकारी दी। इंदौर को रेबीज फ्री सिटी बनाने के संबंध में भी नागरिकों को बताया गया।

# 17 समूहों के 175 कलाकार अहिल्या माता के जीवन से जुड़े प्रसंगों पर देंगे प्रस्तुति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देवी अहिल्या बाई की त्रिशताब्दी जयंती की पूर्व संध्या पर नगर निगम द्वारा राजबाड़ा गणेश हॉल प्रांगण में शाम 7 बजे से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी कला का जलवा बिखेर चुके इंदौर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।**

मेयर पुष्यमित्र भार्गव, भारत पारख, पराग लोंढे और मंजूषा जौहरी ने बताया कि इंदौर की आराध्य देवी, सुशासन की प्रतिमूर्ति, न्यायमूर्ति, लोकमाता, पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती देश भर में धूमधाम से




मनाई जा रही है। देवी अहिल्या बाई होलकर धार्मिक प्रवृत्ति की थी तो कला से भी उन्हें उतना ही प्रेम था। उन्होंने अपने राज्य में मूर्तिकारों, शिल्पकारों और कलाकारों को यथोचित सम्मान और संरक्षण देने का काम भी किया। उन्हीं की दूरदर्शिता से इंदौर में आज कला जगत फलफूल रहा है। उनकी 300वीं जयंती पर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी गायन, वादन और नृत्य कला का हुनर मनवा चुके कलाकार उन्हें अपनी कलांजलि प्रस्तुत करेंगे। विदुषी कल्पना ताई झोकरकर और मंजूषा जौहरी ने बताया कि अहिल्या बाई के जीवन से जुड़े प्रसंग पर नृत्य, संगीत, वादन और गायन के माध्यम से 17 समूह के 175 कलाकार अपने गुरुओं के साथ मंच पर प्रस्तुति देंगे। शुरूआत अहिल्या स्तुति के साथ होगी। इसके बाद गणेश स्तुति, शिव स्तुति, शिव पद्म, देवी अहिल्या वधु रूप आगमन, कुलदेव पूजन, कुलदेवी आराधना, मालवा में स्वागत, कृष्ण रास, राम चरित्रम, नर्मदाष्टक पर नृत्य प्रस्तुतियां होगी। देवी अहिल्या पोवाड़ा, बंदिश तराना, अहिल्या माता आरती और भारत माता की आरती गायन के माध्यम से और वाद्य वृंद की संगीतमय प्रस्तुति होगी। मालवी भाषा में भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा।

# आंधी से केले की फसलों को भारी नुकसान, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा- किसानों को मिले मुआवजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में आंधी-तूफान से केले की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इसे लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने सरकार से मांग की है कि किसानों को सर्वे करा कर मुआवजा दिया जाए।**

मध्य प्रदेश में मौसम में हो रहे रोज परिवर्तन के चलते जहां आम लोगों की परेशानी बढ़ रही है। वहीं बुरहानपुर में केले की खेती करने वाले किसानों की परेशानी बढ़ गई है। दरअसल यहां तेज आंधी के चलते केले की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इसको लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने सरकार सर्वे कराकर राहत राशि देने की मांग की है।

**आरबीसी 6-4 के तहत हो राहत राशि का वितरण-** अरुण यादव ने सोशल साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कल शाम बुरहानपुर जिले में तेज आंधी तूफान की वजह से केले की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। मेरी सरकार से मांग कि अन्नदाताओं को तत्काल आरबीसी 6-4 के तहत राहत राशि वितरण करें एवं राजस्व अमले से फसलों का सर्वे कराएं, जिससे प्रभावित किसानों को उनकी फसलों की मुआवजा राशि प्राप्त हो सके।



### प्रदेश में सबसे ज्यादा होती है केले की खेती

मध्य प्रदेश में बुरहानपुर जिला केले की खेती में सबसे आगे है। यहां का नाम मध्य प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में केले के कारण जाना जाता है। बुरहानपुर एक प्रमुख केला उगाने वाला जिला है। बुरहानपुर में होने वाली केले की खेती देश के साथ विदेशों में अपनी पहचान बनाई है। यहां के किसानों को भी समृद्ध किया है। वर्तमान में जिले के 19 हजार से ज्यादा किसान 23 हजार 650 एकड़ में केले की खेती कर रहे हैं। सालाना औसतन 16.54 मीट्रिक टन का उत्पादन हो रहा है।

## शराब के नशे में पति ने पत्नी को छत से नीचे फेंका, हालत गंभीर, रात भर बिलखते रहे बच्चे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह**। दमोह जिले मडियादो थाना क्षेत्र की इंदिरा कॉलोनी में शनिवार रात शराब के नशे में एक पति ने अपनी पत्नी को छत से नीचे फेक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने महिला को 108 की मदद से प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मडियादो में भर्ती कराया। घटना के बाद से पति फरार है और महिला के तीन मासूम बच्चे अस्पताल परिसर में भटकते रहे हैं।

जानकारी के अनुसार इंदिरा कॉलोनी निवासी रामफूल अहिरवार शराब का आदी है। आए दिन वह नशे में पत्नी रीनू अहिरवार के साथ मारपीट करता है। घायल पत्नी ने बताया की शनिवार रात को पति शराब पीकर घर आया और पैसे मांगने लगा। जिसे लेकर दोनों में विवाद हो गया तो उसने उसे छत से नीचे धक्का दे दिया। जिससे उसके सिर और कमर में गंभीर चोट आई है। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पहुंचने के दौरान महिला के साथ कोई परिजन नहीं था। जिसके चलते एंबुलेंस में उपस्थित पुलिसकर्मी और स्वास्थ्य प्रबंधन को परेशानी का सामना करना पड़ा। महिला गंभीर रूप से घायल है, उसके साथ तीन मासूम बच्चे अस्पताल परिसर में भटक रहे हैं। तीनों बच्चों की उम्र 1, ढाई और 4 साल है। ऐसे में भूखे और प्यासे मासूम बच्चों की आरक्षक निशांत वैष्णव, 108 के कर्मचारी और पायलट अजय राजपूत द्वारा भोजन व्यवस्था कर आर्थिक मदद भी की गई। अस्पताल में पदस्थ एएनएम आशिकी सिंह द्वारा इलाज के साथ मासूमों का रात भर ध्यान रखा गया और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है।

# भीषण गर्मी के बीच देर शाम चली आंधी में उड़ गई घरों की छतें

### दीवार गिरने से छह से अधिक लोग घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन**। मध्य प्रदेश में इन दिनों पढ़ रही भीषण गर्मी के बीच शनिवार देर शाम अचानक मौसम ने करवट ली। तेज आंधी के साथ हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इसका असर निमाड़ क्षेत्र में ज्यादा देखा गया, जहां खरगोन जिले के भीकनगांव, खंडवा जिले के जसवाड़ी सहित बुरहानपुर जिले के कई गांवों में घरों में लगी टीन की छतें उड़ गई और कई जगह कच्चे मकान की दीवारें ढह गई। पेड़ों के गिरने से कई रास्ते बंद हो गए। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को नुकसान का सामना करना पड़ा। भीकनगांव में एक कच्चे मकान की दीवार गिरने से उसके नीचे करीब आधा दर्जन बच्चे, बुजुर्ग और



महिलाएं दबने से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए ग्रामीणों की मदद से भीकनगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

दरअसल, शनिवार से शुरू हुए रोहिणी नक्षत्र और नव तपे के पहले दिन ही प्रदेश सहित निमाड़ क्षेत्र जमकर तपे। निमाड़ क्षेत्र के सभी जिलों में तापमान लगभग 45 डिग्री के पार ही रहा। लेकिन, देर शाम होते अचानक कई क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ ही बारिश होने लगी। इस दौरान आंधी के चलते ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के घरों की टीन की छतें उड़ गई।

खरगोन के भीकनगांव थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम कमोद वाड़ा और मोरवा में रास्तों पर पेड़ गिरने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, यहां के ग्राम मोरदड़ में एक कच्चे मकान की दीवार गिरने से उसके नीचे आधा दर्जन लोग दब कर घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों की मदद से तुरंत बाहर निकाला गया और 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीकनगांव ले जाया गया। दीवार गिरने की सूचना पर जिला प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। फिलहाल सभी घायलों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है।

## सरकार पर पचास हजार की कॉस्ट

**तेरह वर्षों बाद भी जवाब पेश नहीं करने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में पिछले तेरह वर्षों से सरकार द्वारा जवाब दायर नहीं किए जाने को गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने सरकार पर 50 हजार की कॉस्ट लगाते हुए सीधी कलेक्टर को रिकॉर्ड सहित तलब किया है। एकलपीठ उक्त राशि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति के खाते में जमा करने के निर्देश जारी किए हैं। सीधी निवास सुधा गुप्ता ने आंगनवाड़ी नियुक्ति को चुनौती देते हुए साल 2011 में उक्त याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई के दौरान एकलपीठ ने पाया कि हाईकोर्ट ने जुलाई 2011 को नोटिस जारी किए थे। सरकार की तरफ से जनवरी 2013 में जवाब पेश करने समय लिया था। सरकार की तरफ से अभी तक कोई जवाब पेश नहीं किया गया है। एकलपीठ ने सरकार के रवैये पर जमकर नाराजगी व्यक्त करते हुए 50 हजार की कॉस्ट लगाई है। एकलपीठ ने सीधी कलेक्टर को निर्देशित किया है कि वे अगली सुनवाई के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति संबंधित रिकॉर्ड के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें। एकलपीठ ने उक्त राशि तीन दिनों में जमा करने के निर्देश जारी किए हैं। याचिका पर अगली सुनवाई 30 मई को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता गोपाल सिंह ने पैरवी की।

# रेत डंप कर लौट रहे हाइवा ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, दो घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल। शहडोल जिले के ब्योहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्योहारी-मानपुर मुख्य मार्ग में ग्राम चरकवाह के पास रविवार सुबह रेत डंप कर लौट रहे एक तेज रफ़्तार हाइवा ने बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी महिला और आठ वर्षीय बच्ची घायल हो गई। महिला का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। घटना से आक्रोषित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। हादसा सुबह करीब आठ बजे हुआ।**



जानकारी के अनुसार ब्योहारी थाना क्षेत्र के ग्राम बनचाचर गांव से राजेश चौधरी अपनी बहन नानबाई और आठ वर्षीय भांजी के साथ बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम चरकवाह में स्थित सहकार ग्लोबल कंपनी रेत डंपिंग यार्ड में रेत डंप कर लौट रहे तेज रफ़्तार हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राजेश की मौत हो गई है, जबकि पीछे बैठी महिला और बच्ची घायल हो गई। इनमें से महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हाइवा की रफ़्तार का अंदाज इस बात से भी लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे और लोगों के प्रदर्शन की सूचना पर ब्योहारी पपौंध और देवलोंद थाना का बल समेत प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पांच घंटे चले चक्काजाम को लोगों से बातचीत कर खुलवाया गया। आक्रोशित लोग मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे।

## संपादकीय

# नाहक दखलंदाजी से बिगड़ रहा माहौल

चीन को एक ताकतवर देश के तौर पर देखा जाता है, लेकिन आए दिन उसकी जिस तरह की हरकतें सामने आती रहती हैं, उससे यही लगता है कि उसके भीतर विस्तारवाद की एक विचित्र भूख है, जिसकी वजह से वह समय-समय पर अपने आस-पड़ोस के देशों को परेशान करता और धमकाता रहता है। भारत को लेकर उसका रवैया किसी से छिपा नहीं है, जहां अरुणाचल प्रदेश से लेकर भारतीय सीमा क्षेत्र में वह नाहक ही दखलअंदाजी करने की कोशिश करता रहता है। मगर इसके अलावा वह अपने अन्य पड़ोसियों पर भी धौंस जमाता रहता है या फिर उन्हें बिना किसी वजह से उकसाता रहता है। ताजा मामला ताइवान का है, जहां एक बार फिर चीन की सेना ने लगातार दो दिनों तक युद्धाभ्यास किया और एक तरह से ताइवान में घुसपैठ की कोशिश की है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि चीन की नौसेना के सत्ताईस जहाज और बासठ युद्धक विमान ताइवान की सीमा के बिल्कुल करीब आ गए थे। कहने को यह चीन का महज एक युद्धाभ्यास था, मगर ताइवान के चारों तरफ लगातार दो दिनों तक आसमान और समुद्र में इस तरह की आक्रामक और व्यापक स्तर पर की गई सैन्य गतिविधियों के जरिए चीन ने यह संकेत देने की कोशिश की है कि उसकी सेना जहाजों और लड़ाकू विमानों से कैसे ताइवान को घेर सकती है। यों ताइवान पर दबाव बढ़ाने के लिए चीन की ओर से इस तरह की हरकत कोई पहली बार नहीं है। इससे पहले वह चालीस बार ताइवान में घुसपैठ की कोशिश कर चुका है। इस बार निशाने पर दरअसल ताइवान के नए राष्ट्रपति भी हैं, जिन्हें चीन अलगाववादी विचारधारा का समर्थक मानता है। विचित्र यह है कि ताइवान को चीन अपना अभिन्न इलाका मानता है और इसीलिए उस पर दबदबा कायम रखना चाहता है, जबकि ताइवान और वहां के लोग खुद को संप्रभु राष्ट्र मानते हैं। सवाल है कि चीन के भीतर वह कौन-सी भूख है जो उसको अपने विस्तृत भूभाग पर फैली एक बड़ी आबादी और शासन-क्षेत्र से भी पूरी नहीं हो पा रही है! माना जाता है कि जो वास्तव में शक्तिशाली होता है, उसे उसका प्रदर्शन करके दूसरों को धमकाने या डराने की जरूरत नहीं पड़ती।

**अर्ज किया है..!**

*इतना भी ना-उमीद दिल-ए-कम-नज़र न हो*
*मुमकिन नहीं कि शाम-ए-अलम की सहर न हो*

- नरेश कुमार शाद

**OSHO कहिन**

**"मूर्ख व्यक्ति ही दूसरों पर हंसते हैं, बुद्धिमान खुद पर हंसते हैं।"**



**सैर सपाटा**

# भारत में मशहूर हैं ये बौद्ध मंदिर और मठ, यहां दर्शन के लिए दूर-दूर से आते हैं लोग

भारत में अनेकों मंदिर हैं, जो अलग-अलग धर्मों के हैं। बात करें बोद्ध मंदिरों और मठों की तो भारत में कुछ ऐसे मंदिर और मठ हैं जो खूब फेमस हैं। इन मंदिरों के दर्शन करने के लिए अलग-अलग जगहों से टूरिस्ट आते हैं। आईए जानते हैं भारत में फेमस बोद्ध के फेमस मंदिर और मठों के बारे में।

### 1) महाबोधि मंदिर, बोधगया



बिहार का बोधगया शहर में स्थित महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्म के सबसे पवित्र स्थानों में से एक माना जाता है। ये भारत का फेमस बौद्ध मंदिर है, जहां गौतम बुद्ध को फेमस बोधि पेड़ के नीचे बैठकर ज्ञान प्राप्त हुआ था।

### 2) महापरिनिर्वाण मंदिर, कुशीनगर



उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में स्थित, महापरिनिर्वाण मंदिर में लेटे हुए बुद्ध की 6 मीटर लंबी मूर्ति है। यह मूर्ति गौतम बुद्ध की अंतिम अवस्था को दर्शाती है और इसे भारत के फेमस बौद्ध मंदिरों में से एक बनाती है।

### 3) माइंड्रोलिंग मठ, देहरादून



माइंड्रोलिंग मठ भारत में बौद्धों के लिए सबसे फेमस धार्मिक स्थलों में से एक है। इस मठ का बुद्ध मंदिर फेमस टूरिस्ट स्पॉट में से एक है। मठ में भगवान बुद्ध की सबसे सुंदर और ऊंची मूर्तियां हैं।

### 4) घुम मठ, दार्जिलिंग




दार्जिलिंग में पूर्वी हिमालय की पहाड़ी के बीच स्थित, घूम मठ सबसे पुराने तिब्बती बौद्ध मठों में से एक है। इसमें मैत्रेय बुद्ध की 15 फुट की मूर्ति है। इसे भी फेमस मठो में से एक माना जाता है।

### 5) त्सुगलगखांग मंदिर, धर्मशाला



ये मंदिर धर्मशाला के प्रमुख पर्यटक आकर्षणों में से एक है। यह मंदिर परिसर दलाई लामा का आधिकारिक निवास स्थान है। इस मंदिर परिसर में प्रसिद्ध कालचक्र मंदिर भी है।

### 6) धमेख स्तूप, सारनाथ



धमेख स्तूप सारनाथ में एक बड़ा बौद्ध स्तूप है। यह वह जगह है जहां बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना पहला उपदेश दिया था। ये जगह बौद्ध धर्म अनुयायियों के लिए एक जरूरी धार्मिक स्थल है।

Paschim bangal

# भारी बारिश से कोलकाता में बाढ़ के हालात, राहत-बचाव कार्य का जायजा लेने सड़कों पर उतरे राज्यपाल

**कोलकाता, (एजेंसी) चक्रवात रेमल ने कोलकाता और दक्षिण बंगाल की हवाई, रेल और सड़क परिवहन को बाधित कर दिया। पूर्वी और दक्षिणपूर्वी रेलवे ने कई ट्रेनें रद्द कर दीं। कोलकाता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 21 घंटे के लिए उड़ान संचालन निलंबित कर दिया।**

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात रेमल बंगाल तट से टकरा चुका है। इसके प्रभाव से कई इलाकों में बारिश हुई। 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। यह तूफान रविवार की रात साढ़े आठ बजे बांग्लादेश में मोंगला के दक्षिण-पश्चिम के पास सागर द्वीप और खोपुपारा के बीच



आया। मूसलाधार बारिश के कारण घरों और खेतों में पानी भर गया। कोलकाता के कई इलाकों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। तूफान से पहले पूरे बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में आपदा प्रबंधन अधिकारियों और सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया था। बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राजभवन के टास्क फोर्स के साथ क्षतिग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया।

चक्रवात रेमल ने कोलकाता और दक्षिण बंगाल की हवाई, रेल और सड़क परिवहन को बाधित कर दिया। पूर्वी और दक्षिणपूर्वी रेलवे ने कई ट्रेनें रद्द कर दीं। कोलकाता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 21 घंटे के लिए उड़ान संचालन निलंबित कर दिया। एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया कि आज सुबह नौ बजे से परिचालन फिर से शुरू होगा।

Rajasthan

## 25 हजार घूस लेते दो डॉक्टर अरेस्ट, गलत MLC रिपोर्ट बनाने के मांगे थे 1 लाख



**अलवर, (एजेंसी) अलवर के भिवाडी में एसीबी की टीम ने रविवार को जिले के थानागाजी के प्रतापगढ सीएचसी में कार्रवाई कर गलत एमएलसी रिपोर्ट बनाने के एवज में 25 हजार की रिश्वत लेते प्रतापगढ़ सीएचसी प्रभारी डॉ. योगेश शर्मा एवं डॉ समर्थलाल और एक मेडिकल दुकानदार सुनील गोयल को रंगे हाथ गिरफतार कर लिया. डॉक्टरों ने एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी. इसमें से 15 हजार रुपये डॉक्टर पहले ले चुके थे.**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) के महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी की अलवर द्वितीय हाल भिवाडी इकाई को परिवादी की ओर से शिकायत दी गई कि थाना प्रतापगढ में दर्ज मारपीट के मुकदमें में गंभीर चोटों की एमएलसी रिपोर्ट पक्ष में बनाने की एवज में डॉ समर्थलाल मीणा व डॉ योगेश शर्मा दोनों चिकित्साधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतापगढ़ जिला अलवर की ओर से एक लाख रुपये की रिश्वत राशि की डिमांड की गई है. इसके लिए उसको परेशान किया जा रहा है.

इस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी अलवर द्वितीय भिवाडी इकाई के उप अधीक्षक पुलिस परमेश्वर लाल के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन करवाया गया. शिकायतकर्ता ने दलाल व डॉक्टर को फोन किया. इस दौरान रिश्वत की राशि कम करने व उनके हिसाब से रिपोर्ट बनाने को लेकर बातचीत हुई.

Uttarpradesh

## बांदा में बच्चे का इलाज कराने गई महिला से गैंगरेप, पति के दोस्तों ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दिया वारदात को अंजाम

**बांदा, (एजेंसी)** यूपी के बांदा में गैंगरेप का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां दरिंदों ने एक महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है. इतना ही नहीं घटना के बाद महिला के प्राइवेट पार्ट में लात भी मारी. पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर घटना को अंजाम दिया है. इस घटना के बाद पीड़ित महिला किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई. जिसके बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है. फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. यह घटना शहर कोतवाली इलाके की है, जहां की रहने वाली एक महिला ने पुलिस शिकायत में बताया कि 21 मई की शाम को वो अपने बच्चे का इलाज कराने के लिए क्लीनिक गई थी, जहां से लौटते समय रास्ते में पति के दोस्त मिल गए. जहां आरोपी भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कोल्ड ड्रिंक ले आए. आरोप है कि नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया, जिससे महिला और उसका बेटा बेहोशी की हालत में पहुंच गया.

New Delhi

## अरविंद केजरीवाल की SC में नई अर्जी, अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की गुहार

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर कर अपनी अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की मांग की है। केजरीवाल ने अपनी नई याचिका में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर कुछ दिन का और वक्त मांगा है।**

आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को बताया कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की गुहार लगाई है। 'आप' ने कहा कि केजरीवाल को PET-CT स्कैन और अन्य टेस्ट कराने हैं, इसलिए जांच कराने के लिए उन्होंने 7 दिन का और समय मांगा है।

केजरीवाल की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री का 7 किलो



वजन घट गया था। उनका कीटोन लेवल बहुत हाई है। उनमें किसी गंभीर बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की है। डॉक्टरों ने केजरीवाल की जांच के बाद उन्हें PET-CT स्कैन और कई टेस्ट करवाने की जरूरत बताई है।

खेल

# कोलकाता नाइट राइडर्स ने 10 साल बाद जीता आईपीएल का खिताब

**चेन्नई। हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन कोलकाता के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रन पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता ने वेंकटेश अय्यर के 26 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के 32 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के सहारे 39 रन की मदद से 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर जीत दर्ज की।**

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आंद्रे रसेल के नेतृत्व में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक की मदद से फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराया। इस



तरह केकेआर ने तीसरी बार आईपीएल का खिताब जीता। कोलकाता ने रविवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर खेले गए फाइनल में गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया और किसी भी समय पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम को हावी होने नहीं दिया। कोलकाता ने इससे पहले अपना अंतिम खिताब 2014 सीजन में पंजाब किंग्स को हराकर जीता था और अब 10 साल बाद टीम ने फिर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया है।

हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन कोलकाता के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रन पर रोक दिया। हैदराबाद के लिए कप्तान पैट कमिंस ने 19 गेंदों पर सर्वाधिक 24 रन बनाए। हैदराबाद का कोई बल्लेबाज ना तो बड़ी पारी खेल सका और ना ही टीम कोई साझेदारी बना सकी जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता ने वेंकटेश अय्यर के 26 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के 32 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के सहारे 39 रन की मदद से 10.3 ओवर की दो विकेट पर 114 रन बनाकर जीत दर्ज की। केकेआर की पारी में सुनील नरेन ने छह रन का योगदान दिया, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर तीन गेंदों पर छह रन बनाकर पवेलियन लौटे। इससे पहले, हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया, लेकिन क्वालिफायर-1 की तरह फाइनल में भी केकेआर के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने हैदराबाद को पहले ही ओवर में झटका दिया। स्टार्क ने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को बोल्ड किया जो पांच गेंदों पर दो रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद अब तक शुरुआती झटके से उबरी भी नहीं थी कि वैभव अरोड़ा ने विकेट के पीछे रहमानुल्लाह गुरबाज के हाथों ट्रेविस हेड को कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। हेड खाता खोले बिना आउट हुए।

सिनेमा

## गौरव-नितिन बने 'डांस दीवाने 4' के विनर, ट्रॉफी के साथ जीते 20 लाख रुपये



साढ़े तीन महीने के इंतजार के बाद वो घड़ी आ गई, जिसका सबको इंतजार था. माधुरी दीक्षित और सुनील शेट्टी के शो 'डांस दीवाने 4' को अपना विनर मिल गया है. 5 जोड़ियों को पछाड़ गौरव शर्मा और नितिन ने 'डांस दीवाने 4' की ट्रॉफी अपने नाम की. जानते हैं कि दोनों डांसर्स को ट्रॉफी के साथ कितनी रकम मिली है और उनका आगे का प्लान है. डांस शो ने करीब साढ़े तीन महीने तक हमें एंटरटेन किया. महीनों के इंतजार के बाद दर्शकों को उनका विजेता मिल चुका है. शो के फिनाले में टॉप 6 फाइनलिस्ट जोड़ियों के बीच ट्रॉफी के लिये कड़ी टक्कर देखने को मिली. जिसमें गौरव और नितिन विजेता बनकर उभरे. दोनों ने पूरे सीजन अच्छा परफॉर्म किया और दर्शकों का दिल जीता. गौरव 22 साल के हैं और दिल्ली से ताल्लुक रखते हैं. वहीं 19 साल के नितिन बेंगलुरु के रहने वाले हैं. नितिन और गौरव ने डांस दीवाने के लिये अलग-अलग ऑडिशन दिया था, लेकिन बाद में एक साथ परफॉर्म किया और विनर बनकर शो से बाहर आए. दोनों को अलग-अलग डांस फॉर्म में महारत हासिल है. इसलिये जब नितिन और गौरव साथ आए, तो सभी को अपनी परफॉर्मेंस से इंप्रेस कर दिया. ट्रॉफी के साथ-साथ गौरव और नितिन को चैनल की तरफ से 20 लाख रुपये इनाम में मिले हैं. कमाल की बात ये है कि नितिन और गौरव दोनों ही एक-दूसरे के स्टेट की भाषा नहीं समझते थे.

## Highlights

1. Child among 5 killed after speeding van collides with bus in UPन
2. We don't need a 'Bekhabar PM': Kapil Sibal
3. Video shows the moment welding sparks triggered fire at Rajkot game zone
4. 2 doctors arrested for manipulating blood sample of teen in Pune Porsche case
5. Newly-married couple among those killed in Rajkot game zone fire
6. Parents of Delhi hospital fire victim sold jewellery for child

# Tim Cook to pick OpenAI or Google? Which way will Apple go for AI partnership

**BENGALURU, (Agency).** Apple may partner with one of its competitors- OpenAI or Google- as Tim Cook is set to take the stage in Cupertino for Apple's big summer convention next month- Apple's annual Worldwide Developers Conference (WWDC) in June. Reports suggest that Apple had "closed in on an agreement" with ChatGPT maker OpenAI as the two finalised "terms for a pact to use ChatGPT features in Apple's iOS 18", Bloomberg reported.

Meanwhile, Apple was reportedly in talks with Google in March over an arrangement for Gemini AI built into iPhones.

Although Tim Cook may be confused with respect to the decision as OpenAI was dragged into controversy last week after actor Scarlett Johansson published a statement accusing the ChatGPT maker of using a voice




"eerily similar" to hers for a new voice feature in its latest AI model, GPT-4o. OpenAI CEO Sam Altman denied using a similar voice without her permission but this is not the only problem that the company faces. OpenAI is already facing difficult legal battles with the Authors Guild suing the company over concerns that writers' work is being used in models with the aim generate profit. On the other hand, Google's new feature called "AI Overviews," introduced at the Google I/O conference earlier this month by Sundar Pichai, has been rolled out in the US but user said that the AI tool is generating wrong responses to search queries. Users pointed on social media that the AI tool advised it to put "non-toxic glue" on pizza to fix the issue of cheese not sticking to it. It also said the US has had one Muslim president which is Barack Obama in response to the question, "How many Muslim presidents has the US had?"

# Hyundai Motor IPO: What we know so far about issue which may be India's biggest

**NEW DElHI, (Agency).** Hyundai Motor IPO: Hyundai Motor Co reportedly picked advisors for initial public offering of its arm Hyundai Motor India Limited. In addition to Citi, JP Morgan and HSBC Securities, the company has picked investment banks Kotak Mahindra Capital and Morgan Stanley as its advisors, Moneycontrol reported citing people in




the know. The company aims to file draft red herring prospectus (DRHP) for the Hyundai Motor India IPO with markets regulator Securities & Exchange Board of India (SEBI) by June-end or by July, the report claimed.

Hyundai Motor India IPO could be purely an OFS (offer for sale) by the parent company.

The issue could be India's largest IPO as the company plans to raise between $2.5 billion to $3 billion via the issue.

# पत्नी की मौत के बाद तीन दिन तक घर में रखा शव

## गरीबी और लोकलाज के डर से बोरी में बंद कर फेंकी लाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गरीबी और लोकलाज का डार क्या कुछ नहीं करा सकता इसका एक जीता जागता उदाहरण रविवार को सामने आया जब बोरी में बंद महिला की लाश के मामले में पुलिस ने जांच करते हुए उसके पति को पकड़ा तो खुलासा हुआ कि बीमारी के चलते पत्नी की मौत के बाद उसके पास इतने भी पैसे नहीं थे कि वह उसका अंतिम संस्कार कर सके। इसलिए उसने बोरी में लाश भरकर घर के समीप फेंक दी।**

रविवार सुबह चंदनगर थाना क्षेत्र के बांक पंचायत में एक गली में कार्नर के मकान के दरवाजे के पास बंद बोरी में एक अधेड़ महिला साड़ी में लिपटी लाश मिली। इस पर रहवासियों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एडिशनल डीसीपी आनंद यादव,एसीपी नंदनी शर्मा और थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल तुरंत मौके पर पहुंचे और आसपास जांच करने के बाद मृतका के शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालाकिं जांच के दौरान मृतका के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान पुलिस को नहीं मिले थे लेकिन जिस तरह लाश को फेंका गया उससे मामला हत्या का लग रहा था और उसकी बिंदु पर पुलिस ने जांच शुरू की लेकिन इसके पहले पुलिस के सामने लाश की पहचान करना एक बड़ी चुनौती थी। पुलिस ने सबसे पहले उसकी पहचान का प्रयास शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार चंदननगर पुलिस को सफलता मिल गई और मृतका की पहचान आशा पति मदन नरगावे (57) निवासी मस्जिद के पास राजकुमार नगर ग्राम धार रोड के रूप में हुई। मृतका मूल रूप से अंजड़ जिला बड़वानी की रहने वाली थी। एसीपी नंदनी शर्मा ने बताया कि आसपास लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि वह अपने पति मदन नरगावे पिता हरचंद नरगावे के साथ किराए के कमरे में उसके साथ रहती थी। इसके बाद पुलिस ने मदन नरगावे की खोजबीन शुरू की तो वह घर के पास ही एक गार्डन में गुमशुम बैठा मिला। इस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अफसरों के सामने रोने लगा और रोते रोते उसने पूरी कहानी बंया करते हुए बताया कि वह अपने पत्नी के साथ बांक में किराए के मकान में रहता था। दोनों बुजुर्ग हैं और उनका कोई नहीं है।न सिर्फ उनकी आर्थिक स्थिति खाब है बल्कि वह शारीरिक रूप से भी कमजोर हैं। उसने अफसरों को बताया कि उसकी पत्नी आशा नरगावे लंबे समय से बीमार थी  लेकिन उसके पास इतने पैसे भी नहीं थे कि वह उसका इलाज करा सके। ऐसे में उसकी तबीयत धीरे धीरे और बि$गड़ती गई और उसने बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात को दम तोड़ दिया। किंतु यह बात समाज के सामने बताने में उसे शर्म महसूस हो रही थी कि वह इतना मजबूर था कि पत्नी का इलाज भी नहीं करा पाया और अब उसके  पास पत्नी के अंतिम संस्कार करने तक के रूपए नहीं है। इसके बाद उसने लोकलाज के डर से तीन दिन तक घर में ही शव रखा लेकिन शव से बदबू आने पर आसपडोस वाले चर्चा करने लगे कि बदबू कंहा से आ रही है इसके बाद वह डर गया और फिर उसने शव को साड़ी में लपेटा और एक बोरी में भरकर अपने कंधों पर रखकर घर से करीब 200 मीटर दूर मोहल्ले की दूसरी और सडक़ पर छोड़ आया और वापस अपने घर चला आया।

### मानसिक रूप से है कमजोर

एसीपी नंदनी शर्मा ने बताया कि आरोपी मदन नरगावे मनासिक रूप से कमजोर है और उसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया फिलहाल पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

### कहानी सुनकर भर आई आंख

इधर जब आरोपी पति मदन नरगावे ने पत्नी आशा के लाश को ठिकाने लगाने और उसकी मजबूरी की कहानी बताई तो उसे सुनकर एसीपी नंदनी शर्मा और थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल की आंखे भर हैं। निश्चित तौर ये मजबूरी की एक जीती जागती कहानी है,इस कहानी को सुनकर किसी की भी आंख भर जाना लाजमी है। ये दोनों ही लोग भले ही पुलिस अफसर  हैं लेकिन इससे पहले इंसान भी हैं।

## कार में ले जा रहे थे गांजा, पकडाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की टीम ने कार में गांजा लेकर जा रहे चार बदमाशों को गिर तार कर उनके कब्जे से दस किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया है। वहीं कार भी जब्त कर ली है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि परदेशीपुरा क्षेत्र में गांजा तस्करी करने वाले कुछ युवक घूम रहे हैं। इस पर टीम ने घेराबंदी कर सौरव पिता मुकेश निवासी सर्वहारा नगर, आयुष उर्फ संस्कार पिता कान्हा शाक्यवार निवासी सर्वहारा नगर,रोहित पिता लोकेश खडोतिया निवासी सर्वहारा नगर और शिबू उर्फ शुभम पिता सुंदरलाल राजपूत निवासी परदेशीपुरा को गिर तार कर इनके कब्जे से दस किलो से अधिक गांजा बरामद किया। आरोपी कार में उक्त गांजा रखकर डिलेवरी देने जा रहे थे लेकिन इससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ गए।

## वाहन चोर पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की टीम ने शातिर वाहन चोर को गिर तार कर उसके कब्जे से चोरी के दो वाहन जब्त किए हैं वहीं अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चोरी की दोपहिया वाहन बेचने के लिए घूम रहा है। जिस पर क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी योगेश पिता देवा कौशल निवासी कंडिलपुरा को गिर तार कर उसके कब्ज से एमजी रोड थाना क्षेत्र से चुराए गए दो दोपहिया वाहन बरामद किए हैं।

## बाइक सवार की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बडग़ोंदा क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत ह गई वहीं पत्नी घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा एबी रोड फोरलाइन ग्राम नादेड़ में हुआ। मृतक का नाम शिवराम डुडवे निवासी बुदरा, राजपुर जिला बड़वानी है। पुलिस ने महिला मसरीबाई पति शिवराम डुडवे की रिपोर्ट पर कार एमपी 09 सी क्यू 2906 के चालक पर जांच के बाद केस दर्ज किया है।

## स्कूल संचालक की नाबालिग बेटी लापता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके में एक स्कूल संचालक की बेटी शनिवार को लापता हो गई। शनिवार देर रात पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। बताया जाता है कि घर से 1 वह एक लाख रुपये लेकर  निकली है। अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक सुदामा नगर में स्कूल संचालक गोपाल सोनी को उनकी बेटी ने कॉल किया कि उसे आइस्क्रीम खाना है। तब उन्होंने अन्नपूर्णा के यहां आने के लिये कहा।**

बेटी घर से निकली लेकिन पिता के पास नहीं पहुंची। इस पर सोनी ने पत्नी अनिता को कॉल किया। अनीता ने कहा कि वह तो कॉल करने के बाद ही निकल गई थी। कुछ देर के इंतजार के बाद गोपाल घर पहुंचे। यहां वे बेटी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन इसी बीच उन्हें पता चला कि एक बैग गायब है। जिसमें 1 लाख रुपये रखे थे। तब उनकी चिंता और बढ गई। गोपाल ओर उनकी पत्नी अनीता ने ताबड़तोड़ रिश्तेदारों को फोन लगाए। लेकिन बेटी का कहीं पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की।  अन्नपूर्णा थाना प्रभारी संजू कामले ने बताया कि स्कूल संचालक की लापता बेटी की 12 वीं कक्षा की छात्रा है। उसकी उम्र लगभग 17 साल 9 महिने है। पुलिस टीमें उसे ढूंढने का प्रयास कर रही हैं।

## 2 हजार रुपए का इनामी बदमाश पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमआईजी पुलिस ने दो हजार रूपए के इनामी बदमाश को गिर तार किया है। गिरफ्त में आया बदमाश हत्या के प्रयास के मामले में लगभग एक साल से फरार चल रहा था। उक्त प्रकरण में उसके तीन साथी पहले ही पकडा चुके हैं।**

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि एमआईजी थाना प्रभारी मनीष लोधा की टीम ने दो हजार रूपए के इनामी बदमाश रणवीर यादव उर्फ छोटा पिता जयपाल सिंह यादव निवासी मगरोल शिवपुरी को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ फरियादी शिवकुमार यादव ने एमआईजी थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि था कि 22 मई 202& को एमआईजी कालोनी स्थिति उसके घर पर पर चार आरोपियों ने उसेक साथ गाली गलौज की अरौ जान से मारने के इरादे से देशई कट्टे से फायर कर दिया। इस पर पुलिस ने फइरयादी की रिपोर्ट पर धारा &07 के तहत चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और घटना में लिप्त तीन आरोपियों को पूर्व में गिर तार कर लिया जबकि एक आरोपी रणवीर यादव फरार चल रहा था जिसे भी पुलिस ने अब पकड़ लिया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक